राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांक: प.8(39)RSSB/प.आ./सूचना सहायक/भर्ती/2018/620 दिनांक: 12.09.2018

–:: विज्ञप्ति ::–

सूचना सहायक (Informatics Assistant) सीधी भर्ती परीक्षा–2018

द्वितीय भागः– टंकण गति परीक्षण

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान के लिये बोर्ड द्वारा सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 2018 दिनांक 12.05.2018 को आयोजित की गई थी। उक्त भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणााम दिनांक 26.07.2018 एवं संशोधित परिणाम दिनांक 11.09.2018 को जारी कर भाग–द्वितीय कम्प्यूटर आधारित "टंकण गति परीक्षण" के लिये अभ्यर्थियों सफल घोषित किया गया था। इन सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **भाग–द्वितीय कम्प्यूटर आधारित "टंकण गति परीक्षण"** की परीक्षा **दिनांक 05.10.2018 को प्रातः 9.00 बजे से सायंकाल 6.00 बजे के मध्य चार पारियों (Shifts) में जयपुर जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों** पर आयोजित की जायेगी।

- अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रो पर बोर्ड द्वारा कम्पयूटर उपलब्ध कराया जायेगा।
- किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हेतु स्वयं का की–बोर्ड साथ लाना वर्जित है।
- अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, एक मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा आधार कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, आदि में से एक, पासपोर्ट साईज का नवीनतम रंगीन फोटो एवं पारदर्शी नीली स्याही बॉल पेन साथ लेकर आवें। इनके अलावा कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र पर साथ लेकर नहीं आवें।
- अभ्यर्थी अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकेंगें जिसके संबंध में विस्तृत सूचना यथाशीघ्र अलग से दी जायेगी।
- परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिरूपण की रोकथाम के लिये बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। अतः प्रतिरूपण कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के किसी झांसे व बहकावे में नहीं आवें। प्रतिरूपण के प्रयास में पकडे जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं आगे आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है।

इस परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों के लिये सूचनार्थ विस्तृत दिशा निर्देश एवं मॉक टेस्ट ट्रायल बोर्ड की वेबसाईट पर पृथक से उपलब्ध करवाये जा रहे है। अभ्यर्थी इनका अध्ययन अवश्य कर लें। नवीनतम एवं अद्यतन जानकारी के लिये अभ्यर्थी बोर्ड़ की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करते रहें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड)
सचिव